निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ सलाहकार-एचएमआईएस (सांख्यिकी प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त उल्लिखित पद पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएँ एवं जिम्मेदारियाँ :

- मंत्रालय / अन्य हितधारकों की आवश्यकता अनुसार विभिन्न संकेतक / रिपोर्ट्स के टेम्पलेट्स / डैश बोर्ड्स / स्कोर कार्ड्स का विकास करना।
- अनुरूपता के लिए डाटा की जांच करना एवं एचएमआईएस डाटा मे त्रुटियों के सुधार के लिए राज्यों के साथ अवलोकन करना एवं विभिन्न हितधारकों के लिए सांख्यिकीय संकुल (एसएएस) का उपयोग कर डाटा विश्लेषण के आधार पर रिपोर्ट संकलन करना।
- मौजूदा एचएमआईएस एप्लिकेशन के आशुरचना के लिए अंतरालों की पहचान करना एवं समाधान सुझाना।
- एचएमआईएस के विभिन्न पहलुओं, जैसे डाटा रिपोर्टिंग प्रारूपों (फोर्मट्स), रिपोर्ट्स एवं डाटा के उपयोग पर राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।
- "भोगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सक्षम एचएमआईएस पोर्टल " से संबन्धित मुद्दों का प्रबंधन एवं जीआईएस एप्लिकेशन को और मजबूत बनाने के लिए तकनीकि जानकारी प्रदान करना।
- आवंटित राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के एचएमआईएस से संबन्धित प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन प्लान (पीआईपी) की मूल्यांकन की ज़िम्मेदारी। राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों के साथ पीआईपी के मानदंडों तथा समापक पीआईपी की प्रस्तुति करने के लिए संपर्क बनाए रखना।
- एचएमआईएस डाटा की गुणवत्ता की समीक्षा , चुनौतियों की पहचान करने के लिए राज्यों / संघ राज्यों एवं जिलों के क्षेत्र का समय-समय पर दौरा करना एवं इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों को सबल करना।
- कनिष्ठ सलाहकारों को उनके प्रथम वर्ष मे डाटा विश्लेषण एवं पीआईपी मूल्यांकन मे परामर्श प्रदान करना।
- मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सौंपा गया कोई भी अन्य कार्य।
- परामर्शदाता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए कार्य करेंगे एवं कार्य स्थल नई दिल्ली होगा

पात्रता मापदंड:

- स्वास्थ्य प्रबंधन / सांख्यिकी / लोक स्वास्थ्य / स्वास्थ्य सूचना / सूचना प्रोद्योगिकी मे कम से कम स्नातकोत्तर उपाधि / उपाधिपत्र।
- सरकारी विभाग की स्वास्थ्य सूचना प्रणाली मे कम से कम 5 वर्ष का अनुस्नातक कार्य अनुभव।
- कम्प्युटर प्रवीणता के साथ एमएस वर्ड , एक्सेल, पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले संकुल का उच्च स्तरीय ज्ञान
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक क्षमताएं, अँग्रेजी मे उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संचार कौशल। हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनहे SAS VDD एवं WRS सॉफ्टवेयर मे कार्य करने का अनुभव हो
- बहु अनुशासित टीम के वातावरण मे कार्य करने की क्षमता।
- तकनीकि सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने के लिए तत्पर एवं सौपे गए विभिन्न कार्य को निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण करने की क्षमता।
- उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनहोने राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय स्वास्थ्य एमआईएस पर कम से कम दो वर्ष के लिए कार्य किया हो।

आयु : आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि तक अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष।

पारिश्रमिक सीमा : 90,000/- से 1,50,000/- रुपये के बीच प्रति माह।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **9-Jul-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर hmis.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।